न्यायालय तहसीलदार मसूदा जिला-अजमेर (राज.)

राजस्व प्रकरण संख्या 252/2019

राजस्थान सरकार जरिये
पटवारी हल्का झाक प्रथम बनाम श्री फिरोज S/o शकरूदीन, मेरात रावला काछिया

भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल.आर.एक्ट

-: निर्णय :-

दिनांक : 29.8.19

पत्रावली पेश हुई । अप्रार्थी अनुपस्थित । मैंने पत्रावली का अवलोकन किया । पटवारी हल्का झाक प्रथम द्वारा संवत् 2076 में ग्राम रावला काछिया की सरकारी भूमि खसरा नम्बर 1080 कुल रकबा 6.) किस्म बा. 3 में से रकबा 9) भूमि पर अप्रार्थी श्री फिरोज पुत्र शकरूदीन जाति मेरात निवासी रावला काछिया द्वारा नाजायज रावला काछिया में कायोकी बाड़ लगाकर कर लिये जाने की भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल.आर. एक्ट के तहत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । प्रकरण भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल.आर. एक्ट के तहत दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल.आर. एक्ट के प्रावधानों के तहत नोटिस दिनांक 29.8.19 को मुकाम मसूदा पर उपस्थित होने बाबत जारी किया गया ।

अप्रार्थी नोटिस के जवाब में नियत पेशी दिनांक को अनुपस्थित रहा । अप्रार्थी बावजूद नोटिस तामिली के अनुपस्थित रहा । अतः अप्रार्थी के विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है । भूमि नियमन योग्य नहीं है ।

मैंने पत्रावली का विवेचनात्मक अध्ययन एवं मनन किया । अप्रार्थी बावजूद नोटिस तामिल के अनुपस्थित रहा । भूमि वर्तमान राजस्व रेकार्ड अनुसार सरकारी खाते में दर्ज है एवं अप्रार्थी बतौर अतिक्रमी उक्त भूमि पर काबिज है । अतः अप्रार्थी फिरोज पुत्र शकरूदीन जाति मेरात निवासी रावला काछिया को भूमि ग्राम रावला काछिया के खसरा नम्बर 1080 रकबा 6.) किस्म बा. 3 में से रकबा 9) भूमि पर किये गये अतिक्रमण के लिये अतिक्रमी घोषित किया जाता है एवं आदेश दिये जाते हैं कि अप्रार्थी को उक्त भूमि से बेदखल किया जावें एवं आर्थिक दण्ड के रूप में वार्षिक लगान........ का पचास गुना 15/- रूपये बतौर शास्ति आरोपित की जावें व मौके पर पाई गई सामग्री को जब्त सरकार कर नीलाम किया जावें । आदेश की पालना में भू अभिलेख निरीक्षक/पटवारी हल्का को व डिमाण्ड फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Om Singh Lakhawat
Date: 2022.12.22 16:35:00 IST
Reason: SelfAttested

निर्णय आज दिनांक 29.8.19 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरेइजलास सुनाया गया एवं शामिल मिसल किया गया ।

वर्ष 2019-20 के रा.लै. 4 रजिस्टर के पृष्ठ सं. पर क्र. 15 की

तहसीलदार मसूदा
तहसीलदार मसूदा